**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 13 दिसंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने 13 दिसंबर 2001 को आतंकवादी हमले के दौरान संसद की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवा दी थी। राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में संसद के सुरक्षा कर्मियों के अदम्य साहस और नि:स्वार्थ सेवा का स्मरण किया। श्रीमती मुर्मु ने कहा की उनकी सेवा देशवासियों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी। राष्ट्र इन बहादुर कर्मियों और उनके परिवार का हमेशा कृतज्ञ रहेगा।संसद भवन परिसर में भी आज उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2001 के संसद हमले के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

*****************************************************************************

लोकसभा ने आपदा प्रबंधन संशोधन विधेयक 2024 पारित कर दिया है। विधेयक में आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में संशोधन का प्रावधान है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को कुशल बनाना है। विधेयक में राज्य सरकारों को राज्य आपदा मोचन बल गठित करने का अधिकार दिया गया है।

*****************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्र सरकार द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर लिए गए निर्णय का स्वागत किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की अहम बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विधेयक को मंजूरी दे दी है।

मुख्यमंत्री ने इसे सही फैसला बताते हुए कहा -

परिवहन मंत्री श्री अनिल विज ने भी इसे स्वागत योग्य निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रवादी सोच का परिणाम है।

*****************************************************************************

हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने शहरी निकाय चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं ।राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह राठी ने जिला उपायुक्तों और नगर निगम आयुक्त को चुनाव की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश में तीन नगर निगम , तीन नगर परिषद और 21 नगर पालिकाओं में चुनाव होने हैं। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में चुनाव में हुई देरी को लेकर श्री धनपत सिंह ने कहा -

राज्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि चुनाव के लिए 6 जनवरी तक अंतिम मतदाता सूची जारी करने की योजना है। 17 दिसंबर को प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित होग। 23 दिसंबर तक दावे ,आपत्तियां और संशोधन का काम होगा। 27 दिसंबर तक दावों का निपटारा किया जाएगा । श्री राठी ने बताया कि अंतिम सूची जारी किए जाने के बाद कभी भी नगर निकाय चुनाव की घोषणा हो सकती है।

कुछ राजनीतिक दलों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में छेड़छाड़ को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा --

उन्होंने बताया कि महापौर और नगर परिषद पालिकाओं के प्रधान के लिए सीधा चुनाव होगा। नगर निगम - गुरुग्राम फरीदाबाद मानेसर के आम चुनाव होंगे वहीं सोनीपत और अंबाला नगर निगम के महापौर का उपचुनाव होगा क्योंकि वहां के महापौर विधायक चुने गए हैं।